# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**3rd Term - 2019**

**Sub**: **Hindi Grammar** | **Class**: 4B | **F.M**:75

**Duration**: **2 Hrs.** | **Date**: 19.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द :- (1x5=5)

आकाश , स्वस्थ , प्राचीन , सत्य , प्रसन्न

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1x5=5)

पहाड़ , आँख , चंद्रमा , समुद्र , राजा

3) निम्न शब्दों के दो - दो अनेकार्थी शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) अंग ख) कर ग) पानी घ) पत्र ड.) काल

4) भाववाचक संज्ञा से खाली जगह भरो :- (1x5=5)

क) हमें ____________ से काम करना चाहिए |

ख) फूलों में ______________ है |

ग) ताजमहल की ____________ देखने योग्य है |

घ) हमें अच्छे लोगों से ________________ करनी चाहिए |

ङ) आंम में बहुत _______________ है |

(खंड ख)

1) सही शब्द चुनकर वाक्य पुनः लिखो :- (3)

क) खेतों में ____________ छायी है| (हरा, हरियाली )

ख) गर्मी ____________ संज्ञा है| (भाववाचक, जातिवाचक )

ग) रसीला ______________ विशेषण है| (संख्यावाचक, गुणवाचक)

2) विशेषण शब्द छाँटकर उसके भेद लिखो:- (3)

क) खेत में तीस आदमी काम कर रहे हैं।

ख) मुझे तीन किलो चीनी चाहिए।

ग) मजदूर बहुत परिश्रमी होते हैं।

3) क्रिया शब्द छाँटकर उसके भेद लिखो :- (3)

क) राम रोटी खा रहा है ।

ख) लड़का दौड़ रहा है ।

ग) बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं ।

4) निम्न क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) गाना ख) उठना ग) खाना घ) तैरना

5) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) क्रिया के तीन भेद हैं ।

ख) सुंदर संख्यावाचक विशेषण है ।

ग) नदी भाववाचक संज्ञा है ।

घ) सकर्मक क्रिया में कर्म नहीं होता ।

6) निम्न वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उसके भेद लिखो :- (4)

क) लड़की पढ़ रही है ।

ख) बुढ़ापा कष्ट देता है ।

ग) गाँधीजी अमर हैं ।

घ) खिलौना टूट गया ।

7) एकवचन से बहुवचन बनाओ :- (4)

क) टोकरी में संतरा रखा है ।

ख) मैदान में लड़का खेल रहा है ।

ग) लड़की नृत्य कर रही है ।

घ) बकरी घास चर रही है ।

(खंड ग)

1) निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :- (2x3=6)

क) गले लगाना

ख) खाक छानना

ग) कलई खुलना

2) निम्न वाक्यों में विशेषण , विशेष्य छाँटकर लिखो :- (4)

क) सीता ने लाल साड़ी पहनी है |

ख) थैले में कुछ आम हैं |

ग) छोटी कुरसी इधर लाओ |

घ) वह वीर सिपाही है |

3) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

मेहनती , दो दर्जन , कुछ , सुंदर , गहरी

4) अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए एक पत्र लिखो | (5)

5) <u>अनुच्छेद लेखन</u> :- (5)

विद्यालय में अनुशासन का पालन करना

6) <u>अपठित गद्यांश</u>

भारत में विविध धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं | प्रत्येक धर्म के अपने - अपने विशेष त्योहार है |ईसाई लोग क्रिसमस मनाते हैं |यह त्योहार हर साल 25 दिसंबर को ईसा - मसीह के जन्मदिन की खुशी में मनाया जाता है |कई दिन पहले गिरजाघरों को सजाया जाता है |यह त्योहार दया , प्रेम और धैर्य का संदेश देता है | हम सबको ईसा - मसीह के बताये मार्ग पर चलना चाहिए |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) ईसाई लोग कौन सा त्योहार मनाते हैं ? (1)

ख) यह त्योहार हर साल कब मनाया जाता है ? (1)

ग) यह त्योहार हमें क्या संदेश देता है ? (1)

घ) अनुच्छेद में से दो क्रिया शब्द छाँटकर लिखो :- (1)

ङ) वाक्य बनाओ :- धर्म - (1)

FOR GOD AND COUNTRY

# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 3rd Term - 2019

**Sub**: **Hindi Grammar** **Class**: 4B **F.M**:75

**Duration**: **2 Hrs.** **Date**: 19.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द :- (1x5=5)

पाताल , अस्वस्थ , नवीन , असत्य , अप्रसन्न

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1x5=5)

पहाड़ - पर्वत , नग

समुद्र - सागर , जलधि

आँख - नेत्र , नयन

राजा - भूप , नरेश

चंद्रमा - चाँद , शशि

3) निम्न शब्दों के दो - दो अनेकार्थी शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) शरीर , भाग ख) हाथ , टैक्स ग) जल , चमक

घ) चिट्ठी , पत्ता ड.) मृत्यु , समय

4) भाववाचक संज्ञा से खाली जगह भरो :- (1x5=5)

क) चतुराई , ईमानदारी

ख) सुगंध

ग) सुंदरता

घ) मित्रता

ङ) मिठास

(खंड ख)

1) सही शब्द चुनकर वाक्य पुनः लिखो :- (3)

क) हरियाली

ख) भाववाचक संज्ञा

ग) गुणवाचक विशेषण

2) विशेषणशब्द छाँटकर उसके भेद लिखो:- (3)

क) तीस - संख्यावाचक विशेषण

ख) तीन किलो - परिमाण विशेषण

ग) परिश्रमी - गुणवाचक विशेषण

3) क्रिया शब्द छाँटकर उसके भेद लिखो :- (3)

क) खा रहा है - सकर्मक क्रिया

ख) दौड़ रहा है - अकर्मक क्रिया

ग) उड़ा रहे हैं - सकर्मक क्रिया

4) निम्न क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) गाना - सीता अच्छा गाना गाती है |

ख) उठना - हमें समय पर उठना चाहिए |

ग) खाना - खाना खाते समय बोलना नहीं चाहिए |

घ) तैरना - तैरना अच्छा व्यायाम है |

5) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) क्रिया के दो भेद हैं |

ख) सुंदर गुणवाचकविशेषण है |

ग) नदी जातिवाचक संज्ञा है |

घ) सकर्मक क्रिया में कर्म होता है |

6) निम्न वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उसके भेद लिखो :- (4)

क) लड़की - जातिवाचक संज्ञा

ख) बुढ़ापा - भाववाचक संज्ञा

ग) गाँधीजी - व्यक्तिवाचक संज्ञा

घ) खिलौना - जातिवाचक संज्ञा

7) एकवचन से बहुवचन बनाओ :- (4)

क) टोकरी में संतरे रखे हैं |

ख) मैदान में लड़के खेल रहे हैं |

ग) लड़कियाँ नृत्य कर रही हैं |

घ) बकरियाँ घास चर रही हैं |

(खंड ग)

1) निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :- (2x3=6)

क) गले लगाना - प्रेमपूर्वक अपनाना - हमें गरीबों को गले लगाना चाहिए |

ख) खाक छानना - इधर - उधर भटकना - रोहन नौकरी के लिए खाक छान रहा है |

ग) कलई खुलना - भेद खुलना - पुलिस ने चोर की सारी कलई खोल दी |

2) निम्न वाक्यों में विशेषण , विशेष्य छाँटकर लिखो :- (4)

क) लाल - विशेषण
साड़ी - विशेष्य

ख) कुछ - विशेषण
आम - विशेष्य

ग) छोटी - विशेषण
कुरसी - विशेष्य

घ) वीर - विशेषण
सिपाही - विशेष्य

3) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

मेहनती - किसान <u>मेहनती</u> होते हैं |
दो दर्जन - मैंने <u>दो दर्जन</u> केले खरीदे |
कुछ - मेरे पिताजी <u>कुछ</u> आम लाए |
सुंदर - ताजमहल बहुत <u>सुंदर</u> है |
गहरी - नदी बहुत <u>गहरी</u> है |

4) अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए एक पत्र लिखो | (5)

26 बालीगंज सर्कुलर रोड़
कोलकाता - १८

प्रिय मित्र अमित ,

सप्रेम नमस्ते |

आशा है तुम ठीक होगे | मैं तुम्हे अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए पत्र लिख रहा हूँ | मैंने अपने जन्मदिन पर बहुत से खेल बनाये हैं |मैंने अपने बहुत से मित्रों को बुलाया है| आशा करता हूँ कि तुम जरूर आओगे | चाचाजी - चाचीजी को मेरा प्रणाम कहना | पिंकी को प्यार |

तुम्हारा प्रिय मित्र

__________

5) <u>अनुच्छेद लेखन</u> :- (5)

विद्यालय में अनुशासन का पालन करना आवश्यक है | जो बच्चे अनुशासन बचपन से सीखते है , वे हमेशा जीवन में सफल होते हैं | अनुशासन की शिक्षा हमें बचपन से मिलती है |
विद्यालय में बच्चों को अपने अध्यापक - अध्यापिकाओं की बात सुननी चाहिए | हर नियम का पालन करना चाहिए | तभी हम आगे चलकर एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं |

6) <u>अपठित गद्यांश</u>

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) ईसाई लोग क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं | (1)

ख) यह त्योहार हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है | (1)

ग) यह त्योहार हमें दया , प्रेम और धैर्य का संदेश देता है | (1)

घ) दो क्रिया शब्द हैं :- मनाया , चलना (1)

ङ) वाक्य बनाओ :- धर्म - हमें हर एक धर्म का आदर करना चाहिए | (1)